सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग



लोकसभा चुनाव 2024 : दूसरे चरण का मतदान 13 राज्यों की 88 सीटों पर संपन्न

वर्ष : 04 अंक : 299 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO CLASS XII
SCIENCE, COMMERCE & ARTS
BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD © 9934319186

# EVM पर सवाल उठाने वालों को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी VVPAT से मिलान की याचिका

- सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने सर्वसम्मति से सुनाया अपना फैसला
- उम्मीदवार चाहे तो रिजल्ट के7 दिन के भीतर जांच की मांग कर सकता है
- कोर्ट ने कहा- माइक्रो कंटोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर करेगा




पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज डेस्क नई दिल्ली - सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दी। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के भीतर रिजल्ट की दोबारा जांच की मांग कर सकता है। ऐसी स्थिति में माइक्रो कंटोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर के द्वारा की जाएगी।

"किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है। इसलिए हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है, चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका हो। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है। विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं।"

## निर्वाचन आयोग को सुझाव

मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि किसी सिस्टम पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है। इसलिए हमारे अनुसार सार्थक आलोचना की आवश्यकता है, चाहे वह न्यायपालिका हो, विधायिका हो। लोकतंत्र का अर्थ सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाए रखना है। विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देकर हम अपने लोकतंत्र की आवाज को मजबूत कर सकते हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वीवीपैट की गिनती में मशीन की मदद लेने की संभावना तलाशने का सुझाव दिया है।

## उम्मीदवार को उठाना होगा जांच का खर्च

सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही साफ कर दिया कि उम्मीदवार की तरफ से जांच का खर्च उठाना है। अदालत ने कहा कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी साबित होने की सूरत में उम्मीदवार को सारा खर्च वापस मिल जाएगा। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने निर्वाचन आयोग से भविष्य में वीवीपीएटी स्लिप में बार कोड पर विचार करने को कहा है। बेंच ने इसके साथ ही बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को भी खारिज कर लिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## माइक्रोकंट्रोलर' को लेकर पूछा था सवाल

इससे पहले हुई सुनवाई में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से ईवीएम की कार्य-प्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे। इसमें यह प्रश्न भी शामिल था कि क्या ईवीएम में लगे 'माइक्रोकंट्रोलर' को फिर से प्रोग्राम किया जा सकता है या नहीं। पीठ ने कहा था कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है क्योंकि आयोग की तरफ से ईवीएम के बारे में 'बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों' (FAQ) पर दिए गए उत्तरों को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है।

## संदेशखाली में CBI और NSG कमांडो की जॉइंट ऑपरेशन में मिला हथियारों का जखीरा

पोलिट लाइव रिपोर्टर




PL न्यूज पश्चिम बंगाल : पश्चिम बंगाल उत्तर 24 परगना के संदेशखाली मे सुबह से ही सीबीआई और NSG कमांडो के साथ संयुक्त अभियान चला रही है.. जांच के दौरान भारी संख्या मे हथियारों का जखीरा मिला है, बताया जाता है तीन विदेशी रिवाल्वर, एक इंडियन रिवाल्वर, एक कोल्ट ऑफिसियल पुलिस रिवाल्वर, एक फॉरेन मेड पिस्टल, एक कंट्री मेड पिटस्टल, 120 नाइन एमएम जिंदा कारतूस, 45 केलिबर, केटरिज्स 50, नाइन एमएम केलिबर केट्रीज 120, 380 केट्रीजस 50, 32 केट्रीजस 8, इसके अलावा शेख शाहजहाँ से जुड़े कई दस्तावेज व कंट्री मेड बम भी बरामद हुए हैं, जिस बम को एनएसजी ने अपने कब्जे मे लेकर डिस्पोज किया है.

## चतरा से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भरा नामांकन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

चतरा : एनडीए प्रत्याशी चतरा के कालीचरण सिंह के नामांकन में झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। जनसभा में अबकी बार 400 बार और फिर एक बार मोदी सरकार के नारे भी लगे।

जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाना है



उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा, जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। गांव के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। मजदूरों और गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, घर में खाना बनाने के लिए गैस कनेक्शन दिया। कोई गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए भी हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं। जो व्यक्ति बीमार हो जाए उसका इलाज भी अच्छे अस्पतालों में हो, उसके लिए भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 लाख रुपए का बीमा कराया है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों की चिंता करते हैं। किसानों की चिंता करते हैं। मजदूरों की चिंता करते हैं। गांव की चिंता करते हैं। हमें फिर से ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीताना है। इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। परिवार के लिए राजनीति करते हैं। पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इसमें से कई लोग कोई जेल में है। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं। इसलिए आज इंडी गठबंधन वाले दुष्प्रचार करते हैं।

# बलियापुर अंचल कार्यालय में एसीबी की टीम ने ब्लॉक कॉर्डिनेटर को तीस हजार घुस लेते दबोचा





पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: बलियापुर अंचल कार्यालय में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे धनबाद एसीबी की टीम ने ब्लॉक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार डे को तीस हजार घुस लेते रंगे हाथों पकड़ा, लगभग डेढ़ घंटे की कारवाई के बाद जयंत कुमार डे को गिरफ्तार कर के ले गई। बलियापुर भिखराजपुर के ही ठेकेदार मोहम्मद इरशाद से 5 लाख रुपए से बने फाइबर ब्लॉक के काम का बिल पास कराने को लेकर तीस हजार का घुस मांगा था, आपको बता दें गोलमारा हरी मंदिर और दोलाबड़ में फाइबर ब्लॉक का काम हुआ था जो ढाई ढाई लाख की लागत से बना है उसी काम का बिल पास कराने के लिए मोहम्मद इरशाद लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा था, जयंत कुमार दे के द्वारा 30 हजार घुस मांगा गया था तभी इसकी सूचना धनबाद एसीबी को दी गई और कारवाई के तहत गिरफ्तारी हुआ।

# तृतीय मतदान पदाधिकारियों को किया प्रशिक्षित





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में आज से तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान तृतीय मतदान पदाधिकारियों को मतदाता पर्ची का संग्रहण करना, कंट्रोल यूनिट के बैलेट बटन को प्रेस कर मतदाता को वोटिंग कंपार्टमेंट में वोट डालने जाने को कहना, के लिए प्रशिक्षण दिया। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा उनको ईवीएम को अनबॉक्स करना, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर का मतदान केंद्र के बाहर प्रदर्शन करना, मतदान केंद्र में प्रीसाइडिंग ऑफिसर के निर्देशानुसार लेआउट बनाना, मशीन के एड्रेस टैग को वैक्स से सील करना, मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम को बॉक्स में भर कर एड्रेस टैग लगाना सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# झारखंड स्कूल इनोवेशन चैलेंज -2024 का आयोजन आईएसएम ने किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आईआईटी आईएसएम धनबाद झारखंड स्कूल इनोवेशन चैलेंज(जे एच - एसआई सी ) 2024 का आयोजन करने जा रहा है। जिसमें झारखंड के सभी स्कूल से छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। स्कूली छात्रों के बीच इनोवेशन की प्रतियोगिता होगी। जिन प्रतिभागियों के आइडिया को प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान मिलेगा उन्हें नगद पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा. पंजीकरण प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार को प्रोफेसर जेके पटनायक, निदेशक,प्रोफेसर धीरज कुमार, उप निदेशक, प्रो. आलोक कुमार दास, प्रो. अजीत कुमार की उपस्थिति में हुई. संस्थान के एनवीसीटीआई कॉन्फ्रेंस हॉल में



प्रेस को सम्बोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर प्रो. जेके पटनायक ने बताया कि इस बार के प्रतियोगिता को दो ग्रुप में बांटा गया है.जूनियर में 7 से 10 और सीनियर ग्रुप में 11 से 12 के कक्षा के बच्चे भाग ले सकते है. जूनियर में प्रथम पुरस्कार 25 हजार और सर्टिफिकेट, द्वितीय को 15 हजार और सर्टिफिकेट, तृतीय को 10 हजार और सर्टिफिकेट एवं सीनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार नकद 50 हजार,द्वितीय पुरस्कार 30 हजार और तृतीय स्थान पाने वाले को 20 हजार और साथ में सर्टिफिकेट दिया जाएगा.इसके अलावे दोनों कैटेगरी में कांसोलेशन नकद पुरस्कार भी है. उन्होंने बताया इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन आज से शुरू कर दी गई है .

# एएसआईएससी जोनल भाषण प्रतियोगिता कार्मेल स्कूल धनबाद में आयोजित की गई




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :एएसआईएससी जोनल भाषण प्रतियोगिता शुक्रवार को कार्मेल स्कूल, धनबाद में आयोजित की गई।कार्मेल स्कूल ने, स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर मारिया कीर्ति एसी, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर एल्सी जोसेफ, प्राइमरी कॉर्डिनेटर सिस्टर श्रेया और कम्युनिटी कॉलेज कॉर्डिनेटर सिस्टर अमला के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की मेजबानी की गई। कार्यक्रम की शुरुआत एक संक्षिप्त प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई।

दीप प्रज्वलन विद्यालय की प्राचार्या एवं उप प्राचार्या सहित निर्णायक गणो द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 13 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों सब जूनियर में कक्षा VI-VIII, जूनियर वर्ग में कक्षा IX-X और सीनियर वर्ग में कक्षा XI-XII में आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. रजनी सिंह, डॉ. हिमांशु शेखर, श्रीमती चैताली सरकार, श्री राजेश पार्केरिया, श्री एकलव्य प्रसाद और श्रीमती सुजाता रंजन थे। कार्यक्रम प्रभारी और समन्वयक मिस डार्लिन, मिस अनुराधा और मिस पल्लवी थी।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने आरओ सेल समेत समाहरणालय परिसर में की जा रही नामांकन की तैयारियों का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद: लोकसभा सीट के लिए 29 अप्रैल से होने वाले नामांकन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आरओ सेल समेत समाहरणालय परिसर में की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारी ससमय पूरी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय में नामांकन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, बिजली, साफ-सफाई, पार्किंग, पेयजल, पंखे, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, लिफ्ट, नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारी पूरी करें। सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इस पर विशेष ध्यान दें। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने परिसदन भवन में चिन्हित आब्जर्वर कोषांग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ऑब्जर्वर हेतु रुकने की व्यवस्था, कार्यालय, मीटिंग हॉल समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मौके पर डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, एनडीसी दीपक दुबे समेत अन्य उपस्थित रहें।


# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के निर्देशानुसार ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विधानसभावार छंटनी की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इसका निरीक्षण करते हुए बारीकी से ईवीएम के सीरियल नंबर का मिलान कर विधानसभावार बनाए गए स्थान पर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# वोटर कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदान कर सकते हैं।

मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद/विधायक/विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं। मतदान करने के लिए मतदाता सूची में मतदाता का नाम दर्ज होना अनिवार्य है।

# धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 27 -28 को IPL फैन पार्क का होगा आयोजन

## स्टे डियम जैसा आनंद मिलेगा क्रिकेट देखने में

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है. धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में बीसीसीआई द्वारा 27 व 28 अप्रैल को आईपीएल मैच का लाइव प्रसारण किया जाएगा. जिस तरीके से स्टेडियम में फैन मैच का आनंद लेते हैं.इसी तरह का नजारा इस फैन पार्क में भी देखने को मिलेगा.



आज धनबाद में आयोजित पत्रकार वार्ता में बीसीसीआइ के असिस्टेंट मैनेजर सत्यपाल निकाडे, जेएससीए के कार्य कार्यकारिणी सदस्य विनय सिंह,धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव उत्तम विश्वास ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी. सत्यपाल निकाडे ने बताया 27-28 अप्रैल को बड़े पर्दे पर स्क्रीन साइज 30 बाई 18 होगी जिसमें आईपीएल का मैच दिखाया जाएगा. उन्होंने बताया इस फैन पार्क में एंट्री बिल्कुल फ्री है. इसके साथ ही फैंस के लिए म्यूजिक, फूड स्टॉल, गेम्स और आइपीएल के आयोजकों की ओर से मस्ती भरे कार्यक्रम भी होंगे. विनय सिंह ने बताया कि इस फैन पार्क में लकी ड्रॉ भी होगा. लकी ड्रा जितनेवाले वैसे दो लोगों को क्रिकेट जगत के मशहूर खिलाड़ियों के सिग्नेचर युक्त टीशर्ट दिए जाएंगे. हर दिन दो विजेताओं के बीच टीशर्ट बटेगा. इसके लिए फैन पार्क में प्रवेश के दौरान ही हरेक को नंबर दिया जाएगा. उसी नंबर का लकी ड्रा निकाला जाएगा.

विनय सिंह ने बताया कि बीसीसीआई हर साल यह आयोजन कराती है. पिछले साल फैन पार्क के आयोजन में करीब 20 से 25 हजार क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ जुटी थी और देश भर में जहाँ भी इस तरह के आयोजन हुए उन सभी जगह से धनबाद नंबर वन पर रहा था.


# EAST END CONVENT

Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी ने कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी के पक्ष में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी* ने गांधीनगर सस्ती बागान,मनईटांड श्रीनगर कॉलोनी सहित धनबाद नगर के विभिन्न जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान,मौके पर महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सीता राणा सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण में रूप से उपस्थित थीं!

नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से धनबाद लोकसभा चुनाव इंडिया महागठबंधन,कांग्रेस के प्रत्याशी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान कर सुनिश्चित जीत दिलाने का आह्वान किया, धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता अनुपमा सिंह के पक्ष में अपना मतदान देकर एवं भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजती है तो निश्चित रूप से वे अपने दिए गए दायित्व पर खरा उतरेंगे,अनुपमा सिंह को धनबाद लोकसभा के क्षेत्र मे लोगों का स्नेह और अपार समर्थन मिल रहा है और निश्चित रूप से भारी मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे,कांग्रेस प्रत्याशी



अनुपमा सिंह जी को पूरे कोयलांचल सहित धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है,आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करेगीं और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए आवाज उठाने का काम करेंगी,हमें भरोसा और पूर्ण विश्वास है की धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाने का काम करेगीं!आगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस कमेटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेगीं!

आगे नगर अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता यदि अनुपमा सिंह जी पर विश्वास जताती है और भारी जीत दिलाती है तो निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा क्षेत्र का कायाकल्प बदलेगा और विकासशील कार्य मजबूती के साथ होगी साथ-साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र में एयरपोर्ट से लेकर कई उपलब्धि को दिलाने के साथ महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने व धनबाद को आतंक से मुक्त करने के साथ मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने में वे हर संभव प्रयासरत रहेंगी!

आगे उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल,चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है,भाजपा लोगों को झूठा आश्वासन देकर छलने का काम किया हैं,भाजपा शासनकाल एवं भाजपा नेताओं द्वारा प्रताड़ित महिलाएं, शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित लोगों के हक और अधिकार के लिए अनुपमा सिंह लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगी और धनबाद की जनता निश्चित रूप से उन्हें आशीर्वाद देगी,लोगों का अपार स्नेह और समर्थन मिल रही हैं,चुनाव जीतने के बाद अनुपमा सिंह धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सर्वागीन विकास के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करने में खरा उतरेंगी,धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में अपना मतदान कर ऐतिहासिक जीत दिलाते हुए भाजपा के प्रत्याशी को धूल चटाने का काम करेंगी!

मौके पर केंदुआ-करकेन्द नगर अध्यक्ष रिंकू कुमारी,बेबी शर्मा,निशा देवी,रीना देवी,अनीता देवी डोली देवी शोभा कुमारी वंदना देवी चंदा देवी पार्वती देवी संध्या देवी पुष्पा देवी आशा देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं!

## एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए

- यूनियन के चुनाव के लिए सदस्य तैयारी करें- एस एन पी श्रीवास्तव
- ईसीआरकेयू को तीसरी बार एकमात्र यूनियन बनाने का लक्ष्य - मो ज़्याऊद्दीन





पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम,नई दिल्ली में रेलकर्मियों के सबसे बडे,सबसे पुराने और सबसे जुझारू संगठन, ऑल इण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन के ऐतिहासिक शताब्दी अधिवेशन के प्रतिनिधि सत्र का आयोजन गुरूवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे भारतीय रेल के कोने-कोने से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों एवं 3000 से अधिक अन्य संगठन के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव सहित 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

एआईआरएफ के सभी पदाधिकारी एवं जोनल सचिवों के साथ-साथ आई टी एफ इन्लेण्ड ट्रान्सपोर्ट रेलवे सेक्शन की स्ट्रेटिजिक प्लानर एवं एआईआरएफ महिला विंग की चेयरपर्सन श्रीमती जया अग्रवाल, संयोजक श्रीमती प्रवीणा सिंह, एवं एच एम एस एशिया-पैशिफिक विंग की अगुआ सुश्री चंपा वर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'शताब्दी अधिवेशन' में रेल कर्मचारियों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर गम्भीर विस्तृत चर्चा हुई, ऑल इंण्डिया रेलवेमेन्स फेडरेशन की पहल पर "नेशनल पेशन सिस्टम" (एनपीएस) की खामियों के मद्देनजर गठित पुरानी पेशन स्कीम बहाली का संकल्प संयुक्त मंच (जेएफआरओपीएस) द्वारा लिया गया है । इस अधिवेशन में इस तथ्य पर गम्भीर मंत्रणा के पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि यदि नौजवान रेलकर्मियों एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित एवं गारेन्टेड पेशन में प्रदत लाभ एवं सुविधाए बहाल नहीं की जाती हैं|

ISO Certified Institute
आओ पढ़ो और सिखो
पढ़ाई क्या और कैसे होती है...
तकनीकी की दुनिया में एक सोंच जो बनाए आपको आत्मनिर्भर
S. K. COMPUTER & SCIENCE CLASSES
थाना के बगल में (ओपोजिट-गोबिन्दपुर, पोस्ट ऑफिस)
जी० टी० रोड, गोविन्दपुर, धनबाद
ALL COMPUTER COURSE
D.C.A.
D.T.P.
A.D.C.A.
Hardware
Tally Prime
Advance Tally
JAVA, CC++, PYTHON
100% JOB ORIENTED
ADMISSION GOING ON
Tally ERP-9 With GST
(Accounting Project & Working Experience)
ALL SCIENCE COURSE
9th
10th
11th
12th
B.Sc.
M.Sc.
Polytechnic
एक कदम सफलता की ओर .....
Our Facilities :-
• Separate Batch for Girls Classes • Limit Students Per Batch
• Monthly Test Series • Extra Care of Weak Students • Anytime Doubt Clearing Session • Test Series के आधार पर Rotation Classes
ARTS 11th, 12th & B.A.
आर्ट्स की सभी विषयों की कक्षाएँ होती है।
SPOKEN ENGLISH
एक ऐसा नाम जिस पर सबको है विश्वास, क्योंकि सफलता ही हमारी पहचान है।
Mr. Sanjay Sir (16th Years Expert)
7870445144, 9931843186
Md. Shamim Sir (16th Years Expert)
9798858597, 7050933955
New Aruna Press # 9973748859

# भूमाफियाओं ने कतरी नदी किनारे की सरकारी जमीन में चलाई मशीन, रातों रात काट दी ट्रेंच

## निरंजन, आनंद, सुबोध, सुशील, अरबिन्द, उचित, आदि भूमाफियाओं की नजर दर्जनों एकड़ सरकारी जमीन पर

पोलिट लाइव रिपोर्टर



कतरास: धनबाद जिले के बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत जमुआटाँड़ पंचायत के खमारगोड़ा में कतरी नदी पर डीएमएफटी फण्ड से करोड़ों का पुल बन रहा है. ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूमाफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए यह पुल बनवाया जा रहा है. ग्रामीणों ने यह आरोप ऐसे ही नही लगाया है, इसमें सच्चाई भी है. निर्माणाधीन पुल के समीप कतरी नदी किनारे की लगभग 25 से 30 डिसमिल सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं एवं जमीन दलालों ने कब्जा कर उस पर मशीन से ट्रेंच काट दिया. देखकर ऐसा लगता है कि जेसीबी मशीन से जमीन को समतल किया है और तीनों तरफ(नदी की ओर छोड़कर) दो ढाई फीट चौड़ा तथा 3 फीट गहरा ट्रेंच काटा गया है. आसपास के ग्रामीणों से पूछने पर सभी ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि जमीन तो सरकारी है लेकिन मशीन लगाकर ट्रेंच किसने और कब काट दिया पता नही. वहीं जमीन का कारोबार करने वाले एक कारोबारी ने बताया कि क्षेत्र में निरंजन, आनंद, सुबोध, सुशील, अरबिन्द, उचित जैसे जमीन माफिया सक्रिय हैं जो दूसरों की जमीन में हेराफेरी तो करते ही है, भ्रष्ट अधिकारियों के साथ सेटिंग गेटिंग कर सरकारी जमीन को भी पहले अवैध तरीके से कब्जा करते हैं और फिर फर्जी कागजात के सहारे उसे बेच देते हैं. कभी कभी सरकारी जमीन कब्जा करने के दौरान कुछ ग्रामीणों का विरोध भी झेलना पड़ता है लेकिन फिर भोले भाले ग्रामीणों को किसी तरह समझा बुझाकर और दारू मुर्गा का लोभ देकर बड़ी आसानी से सरकारी जमीने कब्जा कर लेते हैं. कई बार तो भोले भाले रैयत भी इन जमीन दलालों और भूमाफियाओं के झांसे में आकर अपनी करोडों की जमीन कौड़ियों के भाव दे देते हैं और बाद में रोते हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुशील नामक कोई जमीन दलाल भोले भाले ग्रामीणों को अपने विश्वास और झांसे में लेकर ग्रामीण को भूमाफियाओं से सम्पर्क कराता है और फिर ग्रामीणों की लाखों करोड़ों की जमीन एक झटके में छीन लेता है.

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन पुल से लेकर नदी किनारे किनारे लंबी दूरी तक लगभग दर्जनों एकड़ सरकारी जमीनें फैली हुई है, जिस पर भूमाफियाओं की नजरें गड़ी हुई है. अभी से ही प्लाटिंग करने की तैयारी की जा रही है ताकि पुल बन जाने के बाद ऊँची कीमतों पर उक्त सरकारी जमीन को बेचकर भूमाफिया माला माल हो सके. यदि समय रहते अंचल और जिला के जिम्मेदार अधिकारियों ने इन भूमाफियाओं को पहचान करके कार्रवाई नही किया तो सरकारी जमीन की लूट होना निश्चित है. अब देखने वाली बात होगी कि क्या इन भूमाफियाओं पर प्रशासन कोई कार्रवाई कर पायेगी या नही!

## लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर ने राहगीरों को गर्मी एवं लू से राहत पहुंचाने के लिए विभिन्न जगहों पर पनशाला का उद्घाटन किया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए राहगीरों को गर्मी एवं लू से राहत पहुंचाने के लिए गोविंदपुर के विभिन्न जगहों पर पनशाला का उद्घाटन किया गया, जिसका एकमात्र उदेश्य बेतहासा गर्मी से राहत के लिए राहगीरों को शीतल जल की व्यवस्था उपलब्ध करानी है, ताकि उन्हें गर्मी एवं लू से राहत पहुंचाया जा सके, साथ हीं फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के तहत राहगीरों के बीच गुड़ चना एवं सत्तू का शरबत का भी वितरण किया गया! इस कार्यक्रम के चेयरपर्सन क्लब कोषाध्यक्ष लायन संदीप विश्वकर्मा जी को बनाया गया था, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा, लायन डॉक्टर यूएल विश्वकर्मा, लायन केडीएन आजाद, क्लब सचिव एसके राय, लायन अनुराग प्रदीप, लायन संदीप विश्वकर्मा,एवं लायन पप्पू विश्वकर्मा आदि लोगों का भरपूर सहयोग रहा !क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा ने इस कार्यक्रम में सहयोग एवं उपस्थिति के लिए सभी लायन बंधुओं का दिल से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया!

## बलियापुर प्रखंड के 23 पंचायत से राजद कार्यकर्ता जुट कर श्रीमती अनुपमा सिंह को जीताने का निर्णय लिया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : महागठबंधन के प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह को जीतने के लिए राजद कार्यकर्ताओं का एक बैठक बलियापुर में किया गया जिसमें बलियापुर प्रखंड के 23 पंचायत से राजद कार्यकर्ता जुट कर श्रीमती अनुपमा सिंह जी को जीतने का निर्णय लिया और चुनाव संबंधित बातचीत भी हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बलियापुर महागठबंधन के चुनाव प्रभारी, बलियापुर के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पाल, जिला सचिव प्रकाश महतो ,प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत महतो ,आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनोद मरांडी, महिला एससी मोर्चा के अध्यक्ष रीना बाउरी, मेनका रजक, सारथी बाउरी, नीलम देवी, रंगा टुडू , सर्वेश पासवान ,नरेंद्र हेंब्रम, जितेन, निमाई, लालटु, दुलाल पांडेय आदि लोग सम्मिलित हुए.

## सिंदरी कॉलेज सिंदरी मे इंटरमिडिएट की पढ़ाई को शुरू करने के लिए मांग पत्र दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी: ग्राम पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को सिंदरी कॉलेज सिंदरी के प्राचार्य कमला कांत पाठक को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुलपति के नाम पत्र सौपकर विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय में इंटरमिडिएट की पढ़ाई को शुरू करने के लिए मांग पत्र दिया । पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में अंगीभूत महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई को बंद कर देना सीधे तौर पर गरीब मजदूर किसान वर्ग से आने वाले छात्र छात्राओं को पढ़ाई से वंचित करने का षडयंत्र किया जा रहा है और कुलपति और विश्वविद्यालय प्रशासन के इस तरह के रवैया को यदि बदलाव नहीं करते हैं और छात्रहित में फैसला नहीं करते हैं तो हम लोगों के द्वारा 4/ 05/ 20 24 तारीख को सिंदरी कॉलेज सिंदरी के मुख्य द्वार पर पुतला दहन किया जाएगा और 14/ 05/ 20 24 तारीख को माथा मुंडन किया जाएगा,साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन का श्राद्ध कर्म किया जाएगा,और वहीं पर जब तक इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू नहीं किया जाता है तब तक सभी छात्र छात्राओं के साथ आमरण अनशन में रहेंगे,इस बीच आन्दोलकारी का कुछ भी होती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉलेज प्रशासन की होगी। मौके पर काजल महतो, आकाश महतो,रोहित रजक,संतोष हंसदा,सूरज गुप्ता, शिवा हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# घर में न खाने के समान है, ना पहनने के वस्त्र, पूरा परिवार पल भर में सड़क पर आ गया

**गुरुवार देर रात को गोविंदपुर के साबलपुर रोड मे मनोज विश्वकर्मा के किराए के फ्लैट में आग लग जाने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था**





पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : गोविंदपुर थाना अंतर्गत साबलपुर रोड स्थित मनोज विश्वकर्मा के किराए के फ्लैट में गुरुवार रात आग लग जाने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। उसके घर में न खाने के समान है ना पहनने के वस्त्र। पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। घटना आधी रात के बाद हुई। अग्निशमन दस्ता द्वारा 2 घंटा मेहनत किए करने के बाद आज पर काबू पाया गया । बताया जाता है कि एक आउटसोर्सिंग कंपनी में मजदूरी करने वाला मनोज विश्वकर्मा अपनी पत्नी सोनी देवी एवं पुत्र वंश विश्वकर्मा के साथ साबलपुर रोड बैंक कॉलोनी स्थित पंकज वर्मा के फ्लैट में किराएदार के रूप में रहता है। वह मूल रूप से झरिया का निवासी है तथा अपनी भाजी की शादी में गुरुवार को घर बंद कर झरिया गया था। उसका घर बंद था । इस बीच शॉर्ट सर्किट या कोई अन्य कारण से बंद घर मे आग लग गई । तीन मंजिली भवन के ऊपर आग की घटना को किसी राहगीर ने देखा और उसने शोर मचाया । इसके बाद पड़ोसी केशवानंद पांडेय ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुटे तथा मनोज विश्वकर्मा के फ्लैट के बगल में रहने वाले रणजीत मिश्रा और रिंकू सिंह को जगाय। सभी के प्रयास से आग पर काबू पाया गया । इस घटना में मनोज विश्वकर्मा का घर का सारा सामान जल गया। प्रखंड प्रमुख निर्मल सिंह मुखिया रेशम कुमारी शुक्रवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और आग लगी घटना से सड़क पर आए मनोज विश्वकर्मा के परिवार आपदा प्रबंधन विभाग से मदद कराने का आश्वासन दिया।

## क्रीसेंट इंटरनेशनल स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का हुआ अयोजन




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : क्रीसेंट इंटरनेशनल स्कूल की और से क्विज प्रतियोगिता का अयोजन किया गया जिसमे कक्षा 9 वी , 10 वी तथा 12 वी की छात्र छात्राओं ने ग्रुप के माध्यम से भाग लिया, जिसमे रवींद्र नाथ टैगोर ग्रुप के प्रेरणा, नूपुर, निक्कू, ने प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। दुसरे स्थान पर रहे बिरसा मुंडा हाउस के रुकैया, अमित, श्रेया ,इन्होंने भी शानदार प्रदर्शन किया तथा तृतीय स्थान पर रहे महात्मा गांधी ग्रुप के जय कुमार ,रोहित और पीयू। इस प्रतियोगिता में जज की भूमिका पर अरिबिंदु रवानी तथा अभिज्ञान श्रीवास्तवा थे। इन्होंने प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागीयों का चयन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप शिक्षक सुभम दुबे, कुमार गौरव,मलय सरकार, लालजी त्रिपाठी सर , राय सर , सिफा आसिफ, शाइमा परवीन समिल्लित हुए I मंच संचालन सोमेन चटर्जी ने किया।इस अवसर पर कॉर्डिनेटर विजेता दास एवम उपस्थित रहे।

## आजसू के धनबाद लोकसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सिंदरी महानगर ने क्री बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : धनबाद महानगर निगम सिंदरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 53 वार्ड नंबर 54 वार्ड नंबर 55 वार्ड कमेटी के सभी सदस्यों के साथ एक सामूहिक बैठक रखा गया बैठक बैठक में आगामी दिनों 29 अप्रैल को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के धनबाद लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में धनबाद आगमन को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक सिंदरी महानगर के अध्यक्ष पिंटू चौधरी जी का आवास पर बैठक रखा गया बैठक में मुख्य रूप से सिंदरी विधानसभा का प्रभारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव श्री राधेश्याम गोस्वामी जी , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला के सम्मानित अध्यक्ष श्री मंटू महती जी साथ मे केंद्रीय सदस्य एवं वार्ड के प्रभारी श्री कुल्लू चौधरी जी पार्टी के केंद्रीय सदस्य हीरालाल महती जी उपस्थित हुए , बैठक को संबोधित करते हुए राधेश्याम गोस्वामी जी एवं धनबाद जिला के अध्यक्ष श्री मंटू महती जी ने पार्टी के पदाधिकारी , पार्टी के कार्यकर्ता एवं संगठन के सभी सदस्यों को कार्यक्रम मे एकमत होकर अधिक संख्या एकत्रित होकर भाग लेने के लिए आहवान किया आज के कार्यक्रम में इस क्षेत्र के बहुत सारी पार्टी के महिला नेत्री गण ने भी भाग लिया एवं सिंदरी विधानसभा संगठन की ओर से जिला कमेटी को आश्वासन दिया की सिंदरी क्षेत्र से लगभग 1000 कार्यकर्ता धनबाद में होने जा रहे हैं लोकसभा सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

## शोक में सांत्वना बल एक महत्वपूर्ण सहायक बल है ,जिसके तहत शोक संतप्त परिवार से लगातार मिलते दिखते है - माना पाठक केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड जनहित मोर्चा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोमो: टुंडी विधानसभा अन्तर्गत तोपचांची में पूर्व कांग्रेसी नेता स्वर्गीय रमजान खान की पत्नी शबीर खान की मां एवं तोपचांची मुखिया गुलाम सरवर खान की भाभी की मृत्यु की सूचना पर पहुंचे झारखंड जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक, शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की तथा मृतिका की अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

शाबीर खान की मां पिछले एक माह से बीमार थी और उनका इलाज रांची स्थित एक अस्पताल में चल रहा था। अंततः एक माह से लंबी बीमारी से लड़ते हुए जिंदगी की जंग हार गई।

उनका अंतिम संस्कार तोपचांची के कब्रिस्तान में किया जाएगा।

## पंचायत मुखिया प्रतिनिधि के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू की सदस्यता ली




पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोमो : श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के मतारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंचानंद रजवार के साथ कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नितीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी I इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा। पार्टी में शामिल होने वालों में मतारी निवासी पुरन रजवार, मो फिरोज अंसारी,जिएलगढ़ा निवासी रोहन महतो , शक्तिपुर निवासी अशोक कुमार गोप, अमित गोप,उत्तम गोप, तथा सौरीयाटांड निवासी बद्री सिंह हैं।

## बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 286वीं रैंक लाने वाले अंकुर कुमार को किया सम्मानित

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी : बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग के राजेंद्र प्रसाद हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन करियर विकास केंद्र बीआईटी सिंदरी के द्वारा किया गया। जिसमें यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 286 वीं रैंक लाने वाले अंकुर कुमार, 2013 बैच के असैनिक अभियंत्रण के छात्र को सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुवात प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो घनश्याम के भावपूर्ण शब्दों से हुई,जिन्होंने अंकुर कुमार के प्रारंभिक शिक्षा से लेकर संस्थान में असैनिक अभियंत्रण विभाग के छात्र होने तक की सफर पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआईटी सिंदरी निर्देशक डॉ. पंकज राय ने संबोधित करते हुए कहा कि अंकुर की ये सफलता पूरे संस्थान की सफलता है।उन्होंने बताया कि अंकुर प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं,एवम इस संस्थान में आज भी ऐसे सैकड़ों मेधावी छात्र अध्यनरत हैं,जो को भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के शिखर पर पहुंचे।इसके बाद उन्होंने श्री अंकुर कुमार एवम उनके माता पिता को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की बोकारो, चंदनकियारी के एआरओ के साथ बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने के लिए दोनों विधानसभा के एआरओ व एईआरओ के साथ बैठक की।



उपायुक्त ने दोनों एआरओ को विधानसभावार ईवीएम को अलग करने, समय पर ईवीएम की कमिश्निंग करने, ए.एस.डी. वोटर, वल्नेरेबल बूथ सहित अन्य की जांच करने, पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देने, ईवीएम पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने का निर्देश दिया।

साथ ही चुनाव के दिन समय पर मॉक पोल करने, मॉक पोल संपन्न होने के बाद की प्रक्रिया का आयोग के निर्देशानुसार अक्षरशः पालन करने, मॉक पोल सर्टिफिकेट पर प्रीसाइडिंग ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर तथा उम्मीदवार या उम्मीदवार के अधिकृत एजेंट का हस्ताक्षर अवश्य रूप से लेने, चुनाव संपन्न होने के बाद रूट प्लान के अनुसार व आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, एईआरओ प्रदीप कुमार, श्रीमती सत्यबाला सिन्हा, श्री दिवाकर दुबे, राजीव कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के करीब 1.24 करोड़ के सोना लोन घोटाले मे चार बैंक कर्मी की मिलीभगत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : धनबाद के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में घोटाले की बात सामने आ रही है. इस मामले में बैंक के मैनेजर ने शिकायत दर्ज करवा दी है. बैंक मैनेजर के अनुसार बैंक कर्मियों की मिलीभगत से करीब 1.24 करोड़ का चूना बैंक को लगाया गया है.

दो साल पहले जिस बैंक में सोने के गहनों को गिरवी रख करोड़ों रुपए लोन के तौर पर ली गई थी. वह सभी सोने के गहने नकली निकले. मामले का खुलासा तब हुआ जब लोन की किश्त बैंक को मिलनी बंद हो गई. जिसके बाद गिरवी के तौर पर बैंक में रखे गए सोने के गहने को नीलामी के लिए निकाला गया. गहनों की वैल्यू लगाने के दौरान सोने के गहने नकली पाए गए. इसमें बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई है. बैंक के द्वारा कुल 32 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. जिसमे से चार बैंक के कर्मचारी भी शामिल हैं.

मामला जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा की है. बैंक प्रबंधक विश्व प्रताप सिंह ने बताया कि 3.5 किलो नकली सोने के गहने को गिरवी रख कर बैंक को करीब 28 लोगों ने 1.24 करोड़ का चूना लगाया है. इस धोखाधड़ी की घटना में बैंक के चार कर्मी भी शामिल हैं.

बैंक मैनेजर ने बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में अलग-अलग करीब 28 लोगों ने नकली सोने के गहने को गिरवी रखकर बैंक से कर्ज लिया था. सोने के गहने गिरवी रखे लोगों में बैंक को किश्त भरना बंद कर दिया. जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ. बैंक में गिरवी के तौर पर रखे सोने के गहने को नीलामी जानी थी. इस दौरान वैल्यू लगाई जानी थी. इस दौरान पता चला की सभी गहने नकली हैं.

# दुल्लू महतो के समर्थन में आसनबनी में नुक्कड़ सभा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: आसनबनी गांव में शुक्रवार को विधायक दुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल में देश में बेहतर विकास कार्य हुआ है ।इस लोकसभा चुनाव में भाजपा लहराएगी। सावित्री देवी ने ग्रामीणों को भाजपा को समर्थन करने की आह्वान किया । दुल्लू महतो को भारी मतों से जीताने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विधायक दुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी, ललिता देवी, घनश्याम ग्रोवर,बेंगू ठाकुर, आशीष मुखर्जी, रामदेव पांडेय, हरे कृष्णा महतो, राजेश मुखर्जी, मनबोध रवानी, माथुर मंडल, सपन बनर्जी, कार्तिक धीवर, शक्तिपदा महतो, मंटू महतो आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्षता रामदेव पांडेय ने किया।

# निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: धनबाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा जारी है। लक्ष्मी देवी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ झरिया विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। इस दौरान लक्ष्मी देवी महिलाओं से मिली और धनबाद लोकसभा से अपने लिए वोट का आशीर्वाद मांगी। महिलाओं का समर्थन लक्ष्मी देवी को मिल रहा है। लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को जानबूझ काट ग्रहण लगाया गया। एयरपोर्ट, एम्स अस्पताल, रेल आदि चुप्पी के कारण छीन गया। लेकिन अगर धनबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद को जन सुविधा का सौगात जरूर मिलेगा और नागरिक सुविधा बहाल होगी। बिजली पानी पर्याप्त और निर्बाध मिलेगा। लक्ष्मी देवी ने लोगों से मिलकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

